रिम्स में सीटी स्कैन से लेकर सोनोग्राफी फ्री

■ राजधानी रिपोर्टर। रायपुर.

मेडिकल कॉलेज की मान्यता मिलने के बाद रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) में चिकित्सा शिक्षा के साथ-साथ चिकित्सा सेवाओं पर भी फोकस किया जा रहा है. बता दें कि कॉलेज को हाल ही में मान्यता मिली है और इसी वर्ष से कॉलेज में 150 मेडिकल सीटों के साथ शैक्षणिक सत्र भी शुरू किया जा रहा है. इसकी कक्षाएं 30 सितंबर से शुरू होंगी.

रिम्स के डायरेक्टर दिलीप कुमार ने बताया कि हमारा उद्देश्य प्रदेश में बेहतर और किफायती चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना है. इसके लिए हर महीने कॉलेज की ओर से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे. इसमें सिटी स्कैन से लेकर सोनोग्राफी पूरी तरह निशुल्क होगी. निशुल्क दवाइयां दी जाएंगी. जरूरत पड़ने पर अस्पताल में निशुल्क सर्जरी भी की जाएगी. रायपुर से 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कॉलेज तक रायपुरवासियों को पहुंचाने के लिए रोजाना राजधानी से तीन बसें चलेंगी, जो मरीजों को अस्पताल लाने-ले जाने का काम करेगी.

फोटो : नवभा

सुविधा

- बेहतर चिकित्सा शिक्षा और किफायती चिकित्सा सेवा
- एयर एंबुलेंस के साथ मरीजों को अस्पताल ले जाने बस

110 एकड़ का कैम्पस

रिम्स का कैंपस 30 एकड़ में फैला हुआ है. इसके अलावा कॉलेज प्रबंधन के पास 80 एकड़ जमीन शेष है. इस पर सर्व सुविधायुक्त नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज बनाने की तैयारी की जा रही है. अनुमति मिलते ही नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेज शुरू किए जाएंगे.

141 चिकित्सक देंगे सेवाएं

रिम्स में पढ़ाने और चिकित्सकीय सेवाएं देने के लिए 141 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है, जो 350 बिस्तर अस्पताल और 150 सीट के मेडिकल कॉलेज में सेवाएं देंगे. इसके अलावा अस्पताल में 350 से अ पैरामेडिकल और नर्सिंग उपलब्ध हैं.

एयर एंबुलेंस की सुविधा जल्द

रिम्स में जल्द ही एयर एंबुलें की सुविधा शुरू की जाएगी, जिससे दूरदराज से मरीजों व अस्पताल लाया जाएगा. नक्सल क्षेत्रों में कार्य कर रहे जवानों के लिए यह सेवा विश रूप से शुरू की जाएगी.